अमर उजाला 27/09/2025

# प्रेरणादायी वीडियो प्रस्तुत कर दिया शांति का संदेश

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में एनएसएस सेल के तत्वावधान में विश्व शांति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांति का संदेश विषय पर एक प्रेरणादायी वीडियो प्रस्तुत किया गया। इसे राज विद्या केंद्र के सहयोग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने करते हुए कहा कि आज के युग में जब जीवन की गति तीव्र हो गई है और तनाव हर स्तर पर हावी है, ऐसे में आंतरिक शांति का महत्व और भी बढ़ जाता है। वीडियो प्रस्तुति अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता प्रेम रावत के विचारों पर आधारित रही, इसमें गुलजार सिंह, हिमांशु चौहान, अनिल कुमार तथा बलराम धीमान स्वयंसेवक के तौर पर शामिल रहे। संवाद